(ख) और (ग) सवाई माधोपुर-जयपुर एक मीटर लाइन खंड है न कि छोटी लाइन खंड। इस खंड पर 2 जोड़ी फास्ट पैसेंजर और 2 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियां चल रही हैं। मीटर लाइन के डीजल रेल इंजनों की अत्यधिक कमी के कारण, फिलहाल इस खंड की गाड़ियों को डीजल रेल इंजनों से चलाना व्यावहारिक नहीं है। 205/206 और 209/210 पैसेंजर गाड़ियों में वातानुकूल सवारी डिब्बों की व्यवस्था करना परिचालनिक दृष्टि से व्यावहारिक नहीं है क्योंकि ये धीमी गति से चलने वाली गाड़ियां हैं। मीटर लाइन के वातानुकूल सवारी डिब्बों की कमी के कारण 9717/9718 एक्सप्रेस गाड़ियों में भी वातानुकूल सवारी डिब्बों की व्यवस्था करना व्यावहारिक नहीं है।

सभी सवारी डिब्बों का आरक्षण यात्री सुविधा समिति द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाता है। बहरहाल, अत्यधिक वित्तीय तंगी के कारण कतिपय गतायु सवारी डिब्बों को सेवा में रखना पड़ता है।

इस खंड पर चलने वाली गाड़ियों के आरक्षित सवारी डिब्बों में रेल कर्मचारी तैनात किये जाते हैं।

(घ) जी नहीं।

नये रेल इंजन कारखाने की स्थापना

3165. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :**
श्री राम नरेश यादव :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने रेल इंजनों के निर्माण के लिए कोई नया रेल इंजन कारखाना स्थापित न किए जाने का निर्णय लिया है क्योंकि उसके गैर-सरकारी क्षेत्र को सौंपे जाने का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) रेल इंजनों का निर्माण चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना, चित्तरंजन और डीजल रेलइंजन कारखाना, वाराणसी में किया जाता है। इन यूनिटों की क्षमता बढ़ाई जा रही है। बढ़ायी गई क्षमता से अतिरिक्त जरूरतों के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र में सभी स्रोतों का उपयोग करने का प्रस्ताव है। भारत हैवी इलेक्ट्रीकल लिमिटेड, भोपाल, जो सार्वजनिक क्षेत्र का एक उपक्रम है, भारतीय रेलों को पहले से ही इंजनों की सप्लाई कर रहा है।

Computerised passenger reservations in the railways

366. SHRI BEKAL UTSAHI : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government have launched a massive plan for extending the computerised passenger reservations in the Railways, improving passenger services and making the system more customer-friendly; and

(b) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) and (b) Upgradation and improvement of facilities at stations and in trains is a continuous process. Computerised reservation system is being gradually extended every year depending on reservation workload handled, subject to availability of funds. So far 36 stations have been either computerised or in the process of computerisation.

Abolishing Non-Functional Posts in the Railways

367. SHRI KAPIL VERMA :
SHRIMATI VEENA VERMA :
SHRI RAM NARESH YADAV :

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government are considering a proposal for abolishing a number of non-functional posts created with a view to ensure promotional avenues in different services; if so, what are the details thereof and likely savings; and